पत्र सं0 BSDM/KYP-88/2022-28

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

बिहार कौशल विकास मिशन

प्रेषक,

मिशन निदेशक,

बिहार कौशल विकास मिशन,

पटना।

सेवा में,

सभी केन्द्र संचालक,

कुशल युवा कार्यक्रम।

पटना, दिनांक : 05/1/2024

विषयः Amnesty परीक्षा हेतु केन्द्रों को जनवरी 2024 के प्रत्येक रविवार खोले जाने के संबंध में।

महाशया/महाशय,

उपरोक्त विषय के आलोक में सूचित करना है कि बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम योजनान्तर्गत अंतिम मूल्यांकन में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित रहे प्रशिक्षणार्थियों को अंतिम मौका देते हुए उनके लिये Amnesty परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसके लिये जनवरी 2024 के प्रत्येक रविवार को Amnesty परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रशिक्षणार्थियों को अपने केन्द्र (जहाँ उनका पंजीकरण हुआ था) अथवा केन्द्र बन्द रहने की स्थिति में अपने नजदीकी केवाईपी केन्द्र पर जाकर परीक्षा देने का मौका मिलेगा।

अतएव आपसे अनुरोध है कि जनवरी 2024 के प्रत्येक रविवार को केन्द्र खोला जाना सुनिश्चित करें एवं प्रशिक्षणार्थियों का Amnesty परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित करने में अपना योगदान दें।

विश्वासभाजन

05/01/24

मिशन निदेशक

बिहार कौशल विकास मिशन,

पटना।